## खबर संक्षेप

### आत्ममति माता जी ससंघ की भव्य आगवानी



**मण्डला।** 108 संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परम शिष्या जैन आर्यिका मां गुणमति माता जी 105 आगम मति माताजी 105 पथ्य मति माता जी 105 ध्येय मति माता जी 105 आत्ममति माता जी ससंघ की भव्य आगवानी मंगल प्रवेश मंडला महिष्मति नगरी में रपटा घाट से शहर के बीच से होते हुए श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी पडाव में हुआ मंगल प्रवेश । जैसा कि माता जी का नाम है वैसे ही अनंत गुणों की खान है वो । माता जी द्वारा रचित अनेक पूजा विधान लेखन कविता आदि साहित्य भी है। माताजी के गुणों का वर्णन करने में हम साधारण मनुष्य असमर्थ हैं। समाज के सभी पदाधिकारी भी हर कार्य में अग्रसर रहते हैं। हमारी महिला मंडल अध्यक्ष श्री मति मीना जैन बालिका मंडल जैनम आदि सभी कमेठियों का विशेष सहयोग बना रहता है। माता जी की आहार चार्य भक्ति श्री शांतिनाथ विधान प्रवचन महाराजपुर में हुए और बहां से सायं 5 बजे माताजी ने महाराजपुर से मंडला की ओर आगमन हुआ।

### मनमाना किराया वसूला जा रहा बसों में



**नारायणगंज।** जबलपुर-मंडला रोड में चलने वाली बस की मनमाना किराया वसूला जा रहा है सिमरन ट्रैवल्स की बस अंपायर टॉकीज जबलपुर से नारायणगंज का किराया 80 रूपये लगता है पर पैसेंजरों से 90 रूपये वसूल जा रहा है नारायणगंज की पैसेंजर को सीट भी नहीं दी जाती बस में टिकट भी नहीं थी पीछे वाली बस से टिकट मांग कर पैसेंजर को टिकट बनाई गई पैसेंजर विपिन सोनी मंडला आरटीओ को भी कंप्लेंट की गई। बस में पानी के कंटेनर भी नहीं है सुविधा नामक कोई चीज नहीं है पैसेंजरों के साथ अभद्रता की जाती है और ना ही बस में रेट सूची लगी गई है जबलपुर से नारायणगंज यात्रियों से मनमाने ढंग से अवैध वसूली की जा रही है जिसके कारण प्राइवेट बस प्राइवेट बस चालक के ऊपर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई अधिकारियों के मौन रहने के कारण यात्री बसों में बिना परमिट के एवं क्षमता से अधिक सवारियां लेकर जाते हैं अधिकारियों से निवेदन है कि तत्काल ठोस कार्यवाही की जावे।

## सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं साहसिक गतिविधियाँ

# पर्यटन एवं संस्कृति का संगम

*** झील महोत्सव में पहुंचे कलेक्टर एवं एसपी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जबलपुर संभाग के मंडला जिले के देवरी में चल रहे झील महोत्सव का निरीक्षण करने कलेक्टर सोमेश मिश्रा पहुंचे। उनके साथ एसपी रजत सकलेचा, एसडीएम शाहिद खान, जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सीईओ और पर्यटन प्रबंधक तरुण मिश्रा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सभी साहसिक गतिविधियों तथा स्विस टेंट का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पीड बोट पर बैठकर बरगी बांध से समूचे महोत्सव परिसर की गतिविधियां देखी। आयोजन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाले होते हैं।



नर्मदा नदी के किनारे बसे देवरी बकई में बरगी बांध की अथाह जलराशि के निकट आयोजित झील महोत्सव न केवल साहसिक गतिविधियों का गवाह बन रहा है, बल्कि पर्यटन और संस्कृति के प्रेमियों के लिए भी अनूठा आकर्षण प्रस्तुत कर रहा है। जल, थल और नभ में होने वाली 18 से अधिक रोमांचक गतिविधियों के साथ यह महोत्सव हर उम्र के लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड और जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के आयोजन में जलप्रेमियों के लिए जेट स्की, बनाना राइड, वाटर स्कूटर, कायाकिंग और सर्फिंग जैसे रोमांचक विकल्प मौजूद हैं। वहीं, नभ में उड़ान भरने के शौकीनों के लिए हॉट एयर बैलून, पैरा मोटरिंग और पैरा सेलिंग जैसे विकल्प हैं, जो बांध और आसपास की प्राकृतिक सुंदरता को एक नए दृष्टिकोण से देखने का मौका देते हैं।

### थल पर भी उत्साह कम नहीं है

कृस्लिंग शॉट, रॉक क्लाइम्बिंग, वैली क्रॉसिंग और जॉर्बिंग बॉल जैसी गतिविधियां साहसिक पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। दिन में रोमांच का आनंद लेने के बाद शाम होते ही यह स्थल सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो उठता है।

### स्विस टेंट में आराम

पर्यटकों के ठहरने के लिए बरगी की वादियों में अमेरिकन स्विस टेंट से सजी टेंट सिटी बनाई गई है, जो प्रकृति के करीब रहते हुए आधुनिक सुविधाओं का अनुभव कराती है। इसके अलावा, खानपान की व्यवस्था, सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है। सभी राइड्स सतपुड़ा स्पोर्ट्स क्लब के प्रशिक्षित युवा करा रहे हैं। वहीं नर्मदा व्यू रिजॉर्ट पर्यटकों का मन मोह रहा है।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रवीणता सूची में प्राप्त छात्राओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024-25 मैं प्रवीणता सूची में आएं हुए प्रतिभान छात्राओं के सम्मान में समारोह कार्यक्रम जिला स्तर पर गायत्री शक्तिपीठ मंडला में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजोन जबलपुर प्रभारी श्री नरेश तिवारी एवं अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार राय के सानिध्य में लगभग 171 प्रतिभागियों का सम्मान हुआ इसमें शिक्षक्र भी शामिल रहें है। वहीं इस सम्मान समरोह में जिला और तहसील स्तर पर छात्र -छात्राए भाग लिए थे।

### अंजनिया से ये छात्र थे शामिल

शैली रजक पिता कन्हैया लाल रजक कक्षा नवमी सी एम राइस अंजनिया जिला स्तर पर प्रथम। अरुणा नेटी पिता सुब्बे लाल नेटी कक्षा दसवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औराई जिला स्तर पर द्वितीय। वेद पटेल पिता संदीप पटेल कक्षा पांचवी आदर्श माध्यमिक विद्यालय अंजनिया, तहसील स्तर में प्रथम। श्वेता पटेल पिता राधे लाल पटेल कक्षा छठवीं शीतला विद्या मंदिर अंजनिया, तहसील स्तर में प्रथम। नितेश पटेल पिता भागवत पटेल कक्षा छठवीं सी एम राइस अंजनिया तहसील स्तर में तृतीय। प्रीति नंदा पिता राजकुमार नंदा कक्षा सातवीं शासकीय एकीकृत उच्तर माध्यमिक विद्यालय माधोपुर, तहसील स्तर में द्वितीय। माही ठाकुर पिता ओंकार सिंह ठाकुर कक्षा आठवीं शीतला विद्या मंदिर अंजनिया, तहसील स्तर में प्रथम। आरुषि पटैल पिता संजीत पटैल कक्षा नवमीशासकीय कन्या उच्तर माध्यमिक विद्यालय अंजनिया, तहसील स्तर में प्रथम। दीपिका भांवरे पिता सहदेव भांवरे कक्षा नवमी शासकीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ककैया तहसील स्तर पर द्वितीय। प्रतिष्ठा झरिया पिता बसंत कुमार झारिया कक्षा नवमी शासकीय एकीकृत हाई स्कूल मेढ़ाताल तहसील स्तर में तृतीय। सिद्धि यादव पिता नेतराम कक्षा दसवीं यादव शासकीय कन्या उच्तर माध्यमिक विद्यालय अंजनिया, तहसील स्तर में प्रथम। वंशिका पटेल पिता संदीप पटेल कक्षा 11वीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंजनिया, तहसील स्तर में प्रथम। नितेश कुमार यादव शैल कुमार यादव कक्षा 11वीं शा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरई तहसील स्तर में द्वितीय। मनीषा नामदेव पिता संतोष नामदेव कक्षा 12वीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंजनिया, तहसील स्तर में द्वितीय।

शाला के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंजनिया से रामनारायण पटैल शिक्षक की सराहनीय भूमिका थी।

## जिले के तीन खिलाड़ियों का स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला फुटबॉल संघ मंडला के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में प्रमोद वाटे, समीर वरकड़े और अजीत कोर्चे का चयन स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2024-25 के लिए मध्यप्रदेश टीम में हुआ है। यह चैंपियनशिप नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित की गई है, जहाँ ये तीनों खिलाड़ी 19 अप्रैल से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन खिलाडियों की इस यात्रा की शुरुआत 23 मार्च 2025 से बालाघाट में आयोजित अंतर-जिला फुटबॉल चैंपियनशिप से हुई थी, जहां उनके शानदार प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। इसके पश्चात आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने अनुशासन, मेहनत और कौशल के आधार पर मध्यप्रदेश की 18 सदस्यीय टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। ये तीनों युवा खिलाड़ी, मृदा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी मोहगांव द्वारा संचालित नर्मदा वैली फुटबॉल क्लब में विगत 6 वर्षों से फुटबॉल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि के साथ इस वर्ष नर्मदा वैली फुटबॉल क्लब से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों की कुल संख्या 38 हो गई है, जो इस क्लब, जिला फुटबॉल संघ एवं पूरे मण्डला जिले के लिए गर्व की बात है। प्रमोद, समीर और अजीत को उनके इस उपलब्धि पर मंडला जिले के लोग, मृदा संस्था के संचालक प्रिया नाडकर्णी, समीर बाजपेई, कुशल सिंह भवेदी, कपिल वर्मा, अनिल सोनी, पंकज उसराठे, दीपक कछवाहा, ताजवर रहमान, उमा जायसवाल ने हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## महिलाओं ने सौभाग्यवती रहने ओसानबीबी माता से की आराधना



*** चैत्र नवरात्र पर्व पर महिलाओं ने सुहागले पूजन किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर

महिलाओं ने व्रत रखकर धार्मिक मान्यता अनुसार विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए भक्ति भाव श्रद्धा के साथ वहीं नगर में 17 अप्रैल गुरुवार दोपहर 01:00 बजे सुहागले पूजन वार्ड क्रमांक 06 सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्रांगण में 101 महिलाओं का भव्य सुहागले पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी महिलएं उपस्थित हुई उसके पश्चात सभी ने फल फूल मेवा मिष्ठान प्रसाद व कलस प्रज्वलित कर ओसानबीबी माता का विधि-विधान से तिलक वंदन पूजा अर्चन किया और सभी महिलाओं ने ओसानबीबी माता से सौभाग्यवती एवं परिवार की सुख समृद्धि तथा सुखमय जीवन की कामना करते हुए नगर में सुख शांति बनी रहे ऐसी आराधना की। बताया जा रहा है कि 101 सुहागन महिलाओं ने भव्य धार्मिक सुहागले पूजन का आयोजन धर्म प्रेमियों को देखने को मिला बड़ी संख्या में महिलाएं सुहागले पूजा में शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## अनदेखी

### प्रशासन मना रहा जल गंगा संवर्धन अभियान, रेत ठेकेदारों से करा रहा नदियों की दुर्गति।

# वैध खदान की आड़ में अवैध खनन

*** सीना छलनी करने नदी में उतारी गयी मशीन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मध्यप्रदेश शासन की पहल पर जिला प्रशासन पूरे जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पुराने कुएं, बाबड़ी, तालाब जैसे जल संरचनाओं को संवारने का प्रयास का रहा है तो वहीं जिले की जीवनदायिनी माँ नर्मदा एवं उसकी सहायक नदियों की हो रही दुर्गति को लेकर न केवल मौन है बल्कि इन नदियों के साथ हो रही ज्यादिती को लेकर उदासीन भी है।

रेत उत्खनन के लिये नदियों की धाराओं को बाधित किया जा रहा है नदियों में बड़ी-बड़ी मशीनें लगाकर रेत का उत्खनन किया जा रहा है रेत ठेकेदारों को इस तरह की छूट दी गई है कि वे जहां से चाहे वहां से रेत निकालकर बड़े-बड़े हाइवा एवं डम्फरों के माध्यम से जिले के बाहर भेज सकते हैं न तो उन्हें कोई रोकने वाला है और न ही कोई टोकने वाला। खनिज विभाग महज मूकदर्शक बनकर अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहा है। जिला प्रशासन द्वारा भी इस ओर से अनदेखी की जा रही है कोई बताने वाला नहीं कि नदियों के अंदर मशीनें किसके आदेश पर और किसकी अनुमति से कर रही है बड़े-बड़े डम्फरों में गीली रेत का परिवहन कौन करा रहा है क्या राजस्व, खनिज एवं परिवहन विभाग को इसकी जानकारी नहीं है यदि नहीं है तो फिर इन विभागों का मतलब ही क्या और यदि है तो फिर कार्यवाही क्यों नहीं होती।

माँ नर्मदा के तट पर बसी मंडला नगरी में रेत ठेकेदार का राज इस कदर हावी हो गया है कि वह नदी का सीना छलनी कर रहा है। स्वीकृत वैध खदान के अलावा दूसरे स्थान से भी अवैध रूप से रेत निकालकर उसका परिवहन खुलेआम किया जा रहा है। इतना ही नहीं नियम के विपरीत नदी में मशीनों से खनन कराया जा रहा है। माँ नर्मदा का खुलेआम सीना छलनी किया जा रहा है और खनिज विभाग और प्रशासन आँख बंद किए हुए है । वैध खदान की आड़ में अवैध खदान के संचालन को देख ऐसा आभाष हो रहा है कि मानो इन्हें ऐसा करने की मूक सहमती खनिज विभाग ने दे रखी है। इसके अलावा वन भूमि से भी रेत का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। बहेरी रेत खदान खसरा नंबर 100 जो की 1 हेक्टेयर की खदान है, किंतु ठेकेदार के द्वारा उक्त खदान में लगभग 7 हेक्टेयर तक उत्खनन किया जा रहा है जिसके लिए पोकलैंड मशीनें लगाई गई है किसी भी खदानों में न तो मुनारा लगाया गया है और न ही खदानों की सीमा निर्धारित की गई है। दिन-रात लगातार ये बाहर के रेत ठेकेदार बड़ी-बड़ी मशीनों की सहायता से रेत का उत्खनन करते हैं इन्हीं मशीनों के माध्यम से हाइवा एवं डम्फरों में रेत लोड की जाती है और यही वाहन यह गीली रेत सरेआम मुख्य मार्गो से होते हुये दूसरे जिलों में पहुंचाये जाते हैं लगातार इन वाहनों से पानी टपकता रहता है लेकिन मजाल है कि प्रशासन का कोई भी अधिकारी, कर्मचारी इनसे पूछ सके कि गीली रेत परिवहन कैसे हो रही है रेत की क्या कोई रायल्टी वैध परमिट है ?

## इस लाडली दिव्यांग खिलाड़ी बहना की सुध कौन लेगा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मध्यप्रदेश के आदिवासी जिला मंडला की एक मात्र महिला दिव्यांग खिलाड़ी जिसने मंडला जिले के लिए अब तक कई मेडल जीत कर लाई और जिसे समाज का नाम रौशन किया हैं उसे अब तक न तो नौकरी मिल पाई और न ही बड़े मंच में सम्मान दिया गया, यह बेहद खेदजनक हैं,मंडला जिला के टिकरवारा में लाडली बहनों को प्रोत्साहन राशि सहित कन्या विवाह में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पहुंचे थे,लोगो को उम्मीद थी कि इस दौरान जरूर मंडला जिले की होनहार बेटी जमुना उईके के सम्मान में कुछ ठोस कदम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उठाएंगे, या तो मंडला की दिव्यांग बेटी को आजीविका चलाने नौकरी से उपकृत करेंगे या उसे मंच से सम्मान देकर हौसला बढ़ाएंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ, जिससे लोगों को थोड़ा मायूसी का सामना करना पड़ा। जमुना उईके आदिवासी समाज की वो दिव्यांग खिलाड़ी हैं जिसने गोला, भाला, तवा फेक सहित अन्य खेलो में राज्य से लेकर नेशनल तक मंडला जिले को अनगिनत मेडल अवार्ड दिलाया हैं लेकिन अफसोस की बात तो यह है कि इतना काबिल होने के बाद भी अब तक जमुना की जीविका के लिए किसी एक बार भी अपने स्तर पर प्रयास नहीं किया, बल्कि उनकी स्वयं की उपलब्धि पर लोग क्रेडिट जरूर लेते दिखाई दिए।

# खुले में बची हुई खाद्य सामग्री फिंकवाले वाले शादीघरों के खिलाफ नपा प्रशासन ने घुमाया डंडा, ट्रेक्टर ट्राली जप्त कर ठोंका जुर्माना





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर में संचालित हो शादी घरों की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी। क्योंकि सभी नियमों को दर किनार करते हुये जिस तरह लोगों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में अपनी शादी घरों का संचालन करते हुये आम लोगों को परेशानियों में डालने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर यदि नगर में प्रभावशाली व धनवान लोगों द्वारा बनाये गये शादी घरों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो वह एक शादी समारोह को संपन्न कराने के नाम पर एक लाख से अधिक की राशि तो बसूलने में पीछे नही रहते है। मगर इन शादी घरों में व्यवस्थाओं के नाम उचित प्रबंध नही किये जाने के कारण आमजन को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के जमाड़ा रोड स्थित शादी घर में उस समय देखने मिली जब रात के समय आयोजित हुये शादी समारोह के दौरान स्वरूचि भोज के प्लेटों में बची हुई जूठन सहित अन्य खाने की सामग्री बचने के बाद उसे जमाड़ा रोड किनारे फैके जाने के कारण जहां उस बासे बचे हुये बदबूदार खाने पर मवेशियों का झुंड मडराने के कारण वह उसे फैलाते हुये देखे जा रहे थें। वही दूसरी ओर इस तर खुले



मैदान में डाले गये इस भोजन सामग्री के चलते आसपास निवास करने वाले लोगों के आलवा इस मार्ग से निकलने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा था। क्योंकि यह बचा हुआ भोजन जिस शादी भवन से फैकने के लिये गये गये स्थान तक ट्राली से नीचे गिरने के कारण पूरी रोड पर बिखरा पड़ा हुआ होने के कारण लोगों के पैरों के तले आने से उनकी भावनाओं को भी ठेस पहुंचते हुये देखी जा रही थी। इस सच्चाई का पता जब कुछ पत्रकारों को लगा तो उनके द्वारा सबसे पहले उस स्थान पर पहुंचे जहां पर इस तरह रात का बचा हुआ भोजन सामग्री डाली गई थी। इसके बाद ट्राली से नीचे गिरी हुई खाद्य सामग्री की लाईन पकड़ते हुये आने पर यह सच्चाई उभर कर सामने आई की यह बची हुई बासी खाद्य सामग्री नगर के जमाडा रोड़ स्थित श्री पैलेस गार्डन से ले जाई गई है। क्योंकि रास्ते में गिरी हुई सामग्री ही खुद इस सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रही थी। इस सच्चाई को जब सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया तो इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख सहित नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा व सभापति आनंद दुबे द्वारा गंभीरता से लेते हुये नगर पालिका प्रशासन को कार्यवाही के आदेश जारी किये जाने के दौरान जब नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची तो उन्होंने मौके पर एक ट्रेक्टर ट्राली को इस तरह रात का बचा हुआ बासा भोजन खुले मैदान में फैकते हुये पकड़े जाने के चलते नगर पालिका की टीम द्वारा उस ट्रेक्टर ट्राली को जप्त करते हुये पांच हजार रूपया की जुर्माना लगाये जाने की खबर है। वही दूसरी ओर बताया जा रहा है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा इस तरह खुले मैदान में भोजन सामग्री फैकने की बात को गंभीरता से लेते हुये नगर के सभी शादी घरों के संचालकों को नोटिस जारी करते हुये निर्देष दिये गये है कि यदि इस तरह किसी भी भवन के माध्यम से खुले मैदान पर सामग्री डाली गई तो सख्त कार्यवाही की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### ग्राहकों को खुलेआम चूना लगा रहे हैं दुकानदार

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** शहरों व कस्बों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे लगने वाले साप्तहिक हाट बाजारों मे सब्जी दुकानों पर चोरी उपर से सीना जोरी वाली कहावत एकदम फिट बैठती है, ग्राहकों की नजरों के सामने सब्जी व फल विक्रेता एक किलो के तौल मे सौ ग्राम से लेकर ढाई सौ ग्राम तक की डंडी मारते हुए अपनी कलाबाजी का प्रदर्शन करने से नही चूक रहे है? इस प्रकार से कम तौल के बार मे अगर खरीददार ने जरा सी भी आपत्ति प्रकट की तो फिर सब्जी दुकानदारों के तेवर ऊँचे नीचे होने लगते है, शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में लगने वाले अधिकांश सब्जी भाजी विक्रकताओं के तराजू बांट प्रमाणित नही है, अनेक जगहों पर तो फल व सब्जी के अधिकांश दुकानदार ऐसे है जिनको तराजू मे सामान तोलते वक्त बांट की जगह पत्थर नट बोल्ट आदि उपयोग में लाये जाते हुए आसानी से देखे जा सकते है? आडे तेडे और पुराने डंडी वाले तराजू और बांट के जरिये तौलते समय डंडी मारने का धंधा सरेआम चल रहा है? यहां के अनेक छोटे बडे सब्जी बाजारों मे तौल के समय कांटा मारने का धंधा धड़ल्ले से जारी है जिले के नापतौल विभाग की लापरवाही और उचित देखरेख के अभाव मे सब्जी और फल विक्रेता कम समान तौल कर भोली भाली जनता को ठग रहे है। उल्लेखनीय है कि यहां के बाजारों मे सालों से अवैध तराजू और कांटे बांट इस्तेमाल किये जा रहे है जिस पर नापतौल विभाग से सत्यापन की सील नही लगी है। बाजार मे प्रचालित तौल के मात्र पांच से दस प्रतिशत तराजू कांटे बांट से नापतौल विभाग की थप्पा लगा रहता है। तौलते समय बडे ही सफाई के साथ सभी दुकानदार तराजू के संतुलन को एक तरफ तेडा कर एक किलो के सामान मे एक पाव तक की डंडी मार लेता है। डंडी मारने के इस खेल मे दुकानदारों की हाथ सफाई भी काम मे आती है।

### यातायात नियमों की उड़ रहीं धज्जियाँ

**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं, जहाँ भी नजर दौड़ाओ उधर ही यातायात नियम टूटते हुये नजर आ रहे हैं, कभी छोटे-छोटे बच्चे दोपहिया वाहन चलाते नजर आ रहे हैं तो कभी युवा वर्ग भी दो पहिया वाहनों पर तीन से लेकर चार सवारी बैठाकर फर्राटे मारते सामने से निकलते हुये देखे जा सकते हैं, इतना ही नहीं कभी काल पुलिस द्वारा चैकिंग की औपचारिकता निभाई जाती है तो मात्र कागजों की खानापूर्ति कर सौ पचास में समझौता कर वाहनों को छोड़ दिया जाता है, यदि पुलिस अपनी जागरूकता दिखावे तो लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है मगर जहाँ तहाँ नाबालिगों द्वारा दौड़ाये जा रहे वाहनों को देखकर तो यही अनुमान लगाया जा सकता है कि पुलिस को नगर की यातायात व्यवस्था से कुछ लेना देना नहीं है। वहीं दूसरी ओर नगर में जीपों व मैजिक गाडियों को ट्रैक्टर ट्रालियों में किस तरह सामान लाद कर व सवारी भरे दौड़ाये जा रहे है यह क्षेत्र की सड़कों पर आसानी से देखा जा सकता है जिसका जीता जागता उदाहरण क्षेत्रों के मार्ग पर देखने को मिलता है, जो प्रतिदिन पुलिस की ड्यूटी व्यवस्था के बाद भी पुलिस के नुमाइंदों के सामने से गुजर रहीं हैं और वे देखते रह जाते हैं,जनापेक्षा है कि शासन प्रशासन इस ओर ध्यान दे।

### गांव गांव फैल रहा है अनेक प्रकार की निजी फाइनेंस कंपनियों का गोरख धंधा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इन दिनों देख जा रहा है कि क्षेत्र के गॉवों मे अनेक निजी फाइनेंस कम्पनियों से जुड़े हाईटेक युवकों की रेडी उतर आयी है जो छोटे धंधों की शुरूआत के लिए ग्रामीण महिलाओं को ऋण देने का आश्वासन देकर अपने प्रलोभन के जाल मे गॉवों की भोली भाली अशिक्षित महिलाओं को फॅसाकर बड़े मीठे अंदाज मे उनका आर्थिक शोषण कर रहे है।

## तेजस्वी कार्यक्रम के अंतर्गत चीचली की टीमों ने तेंदूखेड़ा में लहराया अपना परचम नवाचार को मिला नया आयाम



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह जी तथा तेंदूखेडा विधायक विश्वनाथ सिंह की उपस्थिति में बीते हुये दिवस समीपस्थ जवाहर कृषि उपज मंडी, तेंदूखेडा में आयोजित तेजस्वी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में विशेष सीड मनी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश एवं उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से यह कार्यक्रम छात्र उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश में सबसे अधिक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली की कुल 46 टीमों ने सहभागिता की गई थी। जिनमें से विद्यालय की टॉप-4 टीम ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया । टॉप टीम के अंतर्गत आर्यावर्त स्ट्रिंग आर्ट, लर्निंग लीडर्स ज्वेलरी प्रीमियम डिजाइन, क्रिएटिव माइंड मेक्रेम आर्टवर्क तथा एक्सीलेंस टीम नेचुरल हर्बल शैंपू बनाकर छात्र-छात्राओं ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वही बताया जाता है कि विद्यार्थियों के प्रदर्शन में विद्यालय की तेजस्वी प्रभारी सुलेखा शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर, शिक्षक शिक्षिकाएं रजनी सराठे, विनीत नामदेव, निधि केरकेट्टा, शिवम नागा, मोनिता विश्नोई, हेमंत शुक्ला, सत्यम ताम्रकार, सृष्टि कौरव, भारत ताम्रकार ने सहयोग प्रदान किया एवं सभी ने सहभागी छात्र-छात्राओं को बधाइयां प्रेषित की। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय की तेजस्वी प्रभारी सुलेखा शर्मा को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं सभी सहभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की बैठक के दौरान दिये जरूरी दिशा निर्देश

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** विकासखंड चीचली के जन शिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में बीते हुये दिवस उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक को संबोधित करते हुए जन शिक्षा केंद्र प्राचार्य भूपेश ठाकुर ने कक्षा पहली तथा कक्षा छठवीं में प्रवेश की समीक्षा तथा नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों की मैपिंग एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर करने के निर्देश देते हुये उनके द्वारा जाति प्रमाण पत्र संबंधित फाइल शीघ्रता से लोक सेवा केंद्र में जमा करने, अपार आईडी निर्माण कार्य पूर्ण करने, पीएम पोषण आहार के



दैनिक मैसेज, खाद्यान्न उठाव, टेक्स्ट बुक वितरण ऐप पर पुस्तकों की रिसीविंग एवं विद्यार्थियों को एप पर वितरण संबंधित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। वही जन शिक्षा केंद्र के उल्लास नवभारत साक्षरता के समन्वयक सत्यम ताम्रकार द्वारा अप्रैल माह में जॉयफुल लर्निंग की गतिविधियां विधिअनुसार संपादित करने संबंधित चर्चा की गई । इस दौरान उनके द्वारा नवभारत साक्षरता अभियान अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र अधीनस्थ सभी वार्ड, ग्राम, बसाहटों की समीक्षा करते हुए वार्डवार, ग्रामवार लक्ष्य अनुसार परीक्षा में असाक्षरों के सर्वे पूर्ण करके पोर्टल एंट्री, अक्षर साथियों के चिन्हांकन, सामाजिक चेतना केंद्र पर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना केंद्रों की साक्षरता पंजी के सतत अद्यतन संबंधित बात कही गई। बताया जाता है कि इस बैठक में जनशिक्षा केंद्र अधीनस्थ सभी प्रधान पाठक, नवभारत साक्षरता के नोडल अधिकारी तथा नगर परिषद के वार्ड प्रभारियों की उपस्थिति रही।

## सीमेन्ट के बीच अवैध रूप से परिवहन करते हुये लगभग पचास लाख कीमत की शराब पकड़ने में सफल हुई गाडरवारा पुलिस





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय जिस तरह गाडरवारा क्षेत्र मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर जिस तरह संपूर्ण प्रदेश में अपनी पहचान पीछे नही रह रहा है..? क्योंकि इस क्षेत्र में चल रहे मादक पदार्थो के धंधे में स्मैक पावडर को लेकर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुये आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की जा रही है। कुछ इसी प्रकार का हाल अवैध शराब के कारोबार को देखते हुये जान पड़ रहा है। मुख्य रूप से देखा जावे तो इस तरह मादक पदार्थो का अवैध कारोबार क्षेत्र में एनटीपीसी की स्थापना के उपरांत कुछ अधिक ही बढोत्तरी होते हुये देखाई देना शुरू हुई है कि जो रूकने का नाम ही नही ले रही है? क्योंकि एनटीपीसी में देश के कौने कौने से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में जिस प्रकार भारी भरकम ट्रालों का आना जाना बना रहने के चलते इस बात का पता ही नही चल पाता है कि इन ट्रालों के अंदर क्या आ रहा है और इनमें कौन आ रहा है। इस तरह देखा जावे तो क्षेत्र के लोगों को एनटीपीसी की स्थापना बरदान की जगह अभिशॉप साबित होने से नही चूक पा रही है..? इस समय एनटीसी से निकलने वाले राख ढ़ोने के कार्य में लगे हुये भारी भरकम ट्रालों के चलते आये दिन घटित होने वाली दुर्घटनाओं के चलते लोगों को बेमौत मरते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है..। वही दूसरी राख ढ़ोने वाले इन ट्रालों के समान ही दिखाई देने वाले ट्रालों में अब अवैध रूप से मादक पदार्थो का परिवहन होने की सच्चाई भी उजागर होते हुये देखी जाने लगी है..? इस बात की सच्चाई बीते हुये बुधवार गुरूवार की दरम्यानी रात उस समय देखने मिली जब एनटीपीसी से राख ढ़ोने के कार्यो में लगे हुये 16 चाक वाले एक ट्राला के ही समान सूरत वाले राजस्थान पासिंग वाले ट्राला में गाडरवारा पुलिस द्वारा लगभग आधा करोड़ कीमत की अवैध शराब को परिवहन करते हुये पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। बताया जाता है कि इस तरह क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका द्वारा संपूर्ण क्षेत्र में आपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन व नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में गाडरवारा थाने में पदस्थ एसआई अमित गोटिया द्वारा रात्रीकालीन गस्त की जा रही थी। इस दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ शहर के वायपास मार्ग यानि की गोल्डन सिटी कालोनी क्षेत्र का भ्रमण किया गया तो इस दौरान उन्हे एक बड़ा ट्राला व ट्रेक्टर संदिग्ध स्थिति में खड़ा हुआ दिखाई देने के दौरान जब वह उसके समीप पहुंचे तो ट्राला व ट्रेक्टर की ट्राली को देखकर भौचक्के रहने से नही चूक पा रहे थें। क्योंकि मौके पर खड़े हुये ट्राला क्रमांक **RJ**19-**GG**-6377 तथा ट्रेक्टर क्रमांक **MP**49-**AB**-1154 की ट्राली में भारी मात्रा में शराब रखी हुई थी। इस सच्चाई से एस आई गोटिया द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने के चलते जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेटा द्वारा आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ने के आदेश दिये जाने के चलते। उप पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के दिशा निर्देष तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन व नगर निरीक्षक विक्रम रजक के मार्ग दर्शन में एक टीम बनाई गई। इस तरह बनाई गई टीम में मुख्य रूप से



एसआई अमित गोटिया, श्रीराम रधुवंशी, उनि अर्जुन बघेल के आलवा प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, सुरेन्द्र पटेल, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, दिनेश पटैल, राकेश मोहन चोरे, विश्वजीत, शोएब खान, ऐश्वर्य वेंकट, देवेन्द्र सोमवंशी, उत्तम उचाडिया, बालकिशन रधुवंशी, दीपक राजपूत, कमलेश एवं शिवम गूजर, राम सिंह को शामिल किया गया था। मौके पर पहुंची हुई टीम को देखकर आरोपी भागने में सफल हो गई। मगर पुलिस द्वारा मौके से ट्राला व ट्रेक्टर ट्राली सहित लगभग 600 पेटी बैग पाईपर ब्रांड की अंग्रेजी शराब जप्त करने में बड़ी सफलता हासिल की गई है। इस तरह जप्त की गई इस शराब की कीमत अनुमान के तौर पर 48 से लेकर 50 लाख के बीच आंकी जा रही है। इस तरह गाडरवारा पुलिस द्वारा भारी मात्रा में आधी रात को पकड़ी गई शराब की कार्यवाही रात तीन बजे से शुरू की गई जो गुरूवार को दोपहर 12 बजे तक पूर्ण हो पाई थी। इस तरह गाडरवारा पुलिस द्वारा प्राप्त की गई सफलता की जानकारी मिलने पर मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी टेका द्वारा भी मौके पर पहुंचकर जप्त की गई शराब का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पकड़े गये ट्राला व ट्रेक्टर में सीमेन्ट की बोरियों के बीच शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा था जिसको पकड़ने में हमारी टीम सफल हुई है। क्योंकि मौके से आरोपी भागने में सफल हो जाने के चलते अभी इस बात को खुलासा नही हो पाया है कि इस तरह भारी मात्रा में ट्राला के माध्यम से यह शराब गाडरवारा लाई गई थी या फिर गाडरवारा से कही ले जाया जा रहा था। मगर यह बात स्पष्ट है कि सीमेन्ट के बीच इस तरह शराब का अवैध कारोबार ज़रूर किया जा रहा था जिसको पुलिस द्वारा विफल करते हुये लगभग 48 लाख से अधिक कीमत की शराब सहित ट्राला क्रमांक **RJ**19-**GG**-6377 तथा ट्रेक्टर क्रमांक **MP**49-**AB**-1154 को ट्राली सहित व सीमेन्ट को जप्त करते हुये वाहन मालिको के खिलाफ धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये आरोपियों की खोज क जा रही है। अब सबाल यह है कि इस तरह पुलिस द्वारा लगभग आधा करोड़ कीमत की अवैध शराब को पकड़ने में तो सफलता हासिल कर ली गई है। मगर मौके से आरोपियों का भाग जाने के बाद उनकी खोजबीन करना निश्चित तौर से पुलिस के लिये एक चुनौती बनने से नही चूक पा रहा है..? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से सीमेन्ट की बोरियों के बीच इस तरह पैक बंद ट्राला में शराब लाई गई थी या फिर इस क्षेत्र से ले जाया जा रहा था। वही दूसरी ओर इतने बड़े स्तर पर अवैध शराब की तस्करी किसके संरक्षण में की जा रही थी। इस सच्चाई का पता तो आरोपियों के पकड़े जाने के बाद ही चल पायेगा..। मगर पुलिस की इस सफलता से यह बात तो उजागर हो चुकी है कि अब गाडरवारा क्षेत्र मादक पदार्थो के के लिये एक बड़े स्तर का गढ़ बन चुका है जहां अंतराज्य स्तरीय तौर पर मादक पदार्थो के तस्करों द्वारा अपना जाल फैलाते हुये कारोबार जमा लिया गया है..? यह सच्चाई निश्चित जहां नगर व क्षेत्रवासियों के लिये चिंता का विषय है तो दूसरी ओर जिस तरह भारी मात्रा में पुलिस द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब का जो स्थान है वह नगर की गोल्डन सिटी कालोनी क्षेत्र होना भी चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? क्योंकि पूर्व के समय में पुलिस द्वारा मादक पदार्थो में गांजा सहित स्मैक पावडर के अनेक तस्कारों को गोल्डन सिटी कालोनी क्षेत्र में ही पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी। कुछ इसी प्रकार से इतनी भारी मात्रा में पकड़ी गई शराब का स्थान भी गोल्डन सिटी होना इस बात की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है कि क्या यह क्षेत्र मादक पदार्थो के तस्करों के लिये सबसे सुरक्षित माना जाने लगा है...?

## शहर में जलाऊ लकड़ी का गहराया संकट, गैस की कीमत में हुई वृद्धि के चलते दो वक्त की रोटी बनाना हो रहा है मुश्किल

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** म.प्र.शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जहां शहर के गरीबो में जो आशा की किरण झलकी थी। मगर उसकी झिलमिल रोशनी को लगता है कि चल रहा गर्मी के मौसम में ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है..? हालत यह है कि गरीबो को जरूरत के हिसाब से सहकारी दुकानो से सस्ती दर पर गेहूँ, चॉवल, नमक तो ठीक समय पर आवंटित किये जा रहे है। मगर शक्कर की मिठास शासन की योजना के तहत कभी काल ही दर्शन देती है...? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस समय जलाऊ लकड़ी, कैरोसिन का संकट गहराने से गरीबो को घरो में दो वक्त चूल्हा जलाना मुश्किल हो रहा है। नगर के अनेक वार्डो के



गरीबो ने बताया कि उनके घरो में रसोई गैस की व्यवस्था तो सरकार की उज्जबला योजना के तहत हो गई है। मगर इस महगांई के दौर में जहां गैस भरवाना आसान नही रहे गया है इस स्थिति में लकड़ी ही उनका सहारा बनती थी जिसके चलते घरो की गृहणियॉ खाना तैयार करने के लिए जलाऊ लकड़ी पर निर्भर रहती है या फिर उन्हे स्टोव का सहारा लेना पड़ता है। किंतु अजीब बात है कि इन दिनों शहर में जलाऊ लकड़ी काफी मॅहगी बिक रही है। इसके चलते गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग के लोगों को टालो में जलाऊ लकड़ी खरीदने पर उसकी कीमत सुन गरीबों के होश उड़ रहे है। इन गरीबों का कहना है कि पहले वनांचल के गांवो से आदिवासी महिलाएँ, पुरूष जलाऊ लकड़ी के गट्ठे लाकर झंडाचौक और शहर के विभिन्न स्थानो पर बेचते थे, इन गट्ठो को खरीद गरीब अपना काम चला लेते थें। लेकिन लम्बा समय बीतने के बाद भी जंगल पट्टी के गांवो से आदिवासी बहुत कम जलाऊ लकड़ी ला रहे है, जिसके कारण जलाऊ लकड़ी का एक गट्ठा 300 रू. से लेकर 400 रू.तक बिक रहा है? इन गट्ठो में इतनी ही लकड़ी रहती है, जिसका इस्तेमाल इंधन के रूप में गरीब सिर्फ 2-3 दिन कर सकते है, इसके बाद फिर उन्हे जलाऊ लकड़ी की विकराल समस्या से जूझनें मजबूर होना पड़ता है। अधिकतर गरीबो ने बताया कि चल रहे मौसम में सहकारी दुकानों से उन्हे जो कैरोसिन उपलब्ध होता है।


शिवाजी इंटरनेशनल स्कूल
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM | Class - Play group to 10th
व्यवस्थित प्लेग्राउंड एवं एक्टिविटी क्लासेस, सुरक्षित वाहन सुविधा
Do Visit Once Before Getting Your Child Admitted
सांस्कृतिक परिवेश में सुवण व आधुनिक अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा
100%
*Abacus Classes
for all students
WITH CBSE PATTERN
100% Digital Smart Classes
With Smart Teachers
निरंजन वार्ड, आचार्य महल के पास, गाडरवारा जि.नरसिंहपुर मो. 9977414248

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
नर्सरी से कक्षा सातवी तक
DPIS
प्रवेश निःशुल्क
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.-9039230199, 7224021199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

# ग्राम खम्हेरा में जनकल्याणकारी शिविर रहा सफल 128 में से 120 मामलों का हुआ त्वरित समाधान

जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हेरा में आयोजित खंड स्तरीय जनकल्याणकारी शिविर ने ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान में उल्लेखनीय सफलता हासिल की।



डिंडौरी।

शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 128 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 120 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जिससे लाभार्थियों ने राहत की सांस ली।राजस्व विभाग की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्राप्त 7 आवेदनों में से 2 का त्वरित समाधान किया गया, जबकि शेष आवेदनों पर कार्यवाही जारी है। विद्युत विभाग की नल-जल योजना, उज्ज्वला योजना तथा पीएचई विभाग से जुड़े सभी आवेदनों का त्वरित समाधान कर दिया गया।

**- स्वास्थ्य विभाग की शानदार भूमिका**

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कुल 66 सामान्य जांचों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त हाइपरटेंशन के 25, डायबिटीज के 14, मोतियाबिंद के 11, और कैंसर व सिकल सेल के एक-एक मामलों में भी तुरंत कार्रवाई की गई।

**- अन्य विभागों की स्थिति**

जनपद पंचायत को राशन पर्ची से संबंधित एक आवेदन मिला जिसे तत्काल निपटाया गया। महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, और अन्य विभागों से कोई आवेदन नहीं आया।

**- प्रशासनिक उपस्थिति और समन्वय**

इस शिविर में अनुविभागीय अधिकारी रामबाबू देवांगन, जनपद पंचायत बजाग के सीईओ, तहसीलदार भरतसिंह बट्टे, जनपद पंचायत सीईओ एमएल धुर्वे समेत विकासखंड के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने में सक्रिय भूमिका निभाई। यह शिविर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और ग्रामीणों को त्वरित राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है।

## खबर संक्षेप

### वंदना ठाकुर को पीएचडी की उपाधि प्राप्त



**डिंडौरी।** मेकलसुता महाविद्यालय डिंडौरी के शिक्षा शास्त्र विभाग से जुड़ीं श्रीमती वंदना ठाकुर को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। वे महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रा. सुभाष ठाकुर (ग्राम रामगढ़, पोस्ट अमरपुर) की धर्मपत्नी हैं। श्रीमती ठाकुर ने "जबलपुर शहर के अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों की संस्कृत विषय को सीखने की शैली पर रचनावादी उपागम के प्रभाव का अध्ययन" विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। यह शोध कार्य उन्होंने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत डॉ. गीता गुलाटी के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धि पर मेकलसुता महाविद्यालय के संचालक इंजीनियर अनुराग बिलैया, प्राचार्य डॉ. बिहारी लाल द्विवेदी, रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप द्विवेदी, उपप्राचार्य डॉ. बालस्वरूप द्विवेदी, डॉ. निरंजन सिंह पटेल सहित समस्त स्टाफ, परिजनों व इष्टमित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। यह शोध कार्य डिंडौरी जिले के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत विषय को सरलता से समझने और सीखने में सहायक सिद्ध होगा।

### झोलाछाप डॉक्टर ने ले ली मरीज की जान

**बिजुरी।** जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इलाज किए जाने से एक व्यक्ति की जान चली गई। मिली जानकारी के अनुसार बिजुरी नगर पालिका कर्मचारी चंदू प्रजापति जो अपना इलाज करने के लिए नगर के हनुमान मंदिर चौराहे पर स्थित झोला छाप डॉक्टर इंद्रपाल के क्लीनिक गया हुआ था जहां डॉक्टर इंद्रपाल द्वारा उसका इलाज किया जा रहा था। चंदू को डॉक्टर इंद्रपाल द्वारा इलाज के दौरान तबीयत में सुधार न होता देख बल्कि और अधिक सीरियस हो जाने पर उसे तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी को रेफर कर दिया गया जहां कुछ ही देर बाद चंदू की मृत्यु हो गई। चंदू के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है वहीं प्रशासन ने शिकायत मिलने पर झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक को सील कर दिया है ।

### अमरकंटक के पुष्कर डेम के पास श्रमदान से की गई साफ-सफाई

**अनूपपुर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर हर्षल पंचोली के नेतृत्व में जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के जल स्त्रोत नदी, तालाब, कुआं आदि जल संरचनाओं के पुर्नजीवन एवं जीर्णोद्धार के लिए अभियान के अंतर्गत विशेष पहल सुनिश्चित की जा रही है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के जल स्त्रोतों को श्रमदान से स्वच्छ बनाने की दिशा में बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं।

### जालेश्वर, दूधी तथा करपा फीडर में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि उपसंभसाग राजेन्द्रग्राम अंतर्गत वितरण केन्द्र राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक तथा बेनीबारी में आने वाले समस्त 11 केव्ही लाईन एवं ट्रांसफार्मरों का प्री मानसून मेंटिनेंस किए जाने हेतु शट डाउन की आवश्यकता है। उक्त कार्य के सम्पादन हेतु 18 अप्रैल को 11 के.व्ही. करपा फीडर, 11 के.व्ही. दूधी फीडर तथा 11 के.व्ही. जालेश्वर फीडर से जुड़े समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### छात्राओं को मिली कृषि तकनीक की जानकारी

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय वनस्पति विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में बी.एससी. चतुर्थ वर्ष एवं एम.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के लिए प्रोजेक्ट वर्क के अंतर्गत एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

## जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव में बाल स्वास्थ्य मार्गदर्शन एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा आज

**शहपुरा-** डिंडोरी जिले के विकासखंड शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगांव स्थित जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल मैं आज दिनांक 18 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रकल्प के उपाध्यक्ष डॉ हरिशंकर मरकाम के मार्गदर्शन में बाल स्वास्थ्य मार्गदर्शन एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शिशु एवं किशोर को विभिन्न बीमारियों से अपने आप को सुरक्षित रखने के उपाय के संबंध में वरिष्ठ चिकित्सक मार्गदर्शन देंगे वहीं बीमार बालकों को चिकित्सा प्रदान करते हुए निशुल्क दवाइयो का वितरण भी किया जाएगा इस निशुल्क बाल स्वास्थ्य शिविर में जबलपुर शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ हरिशंकर मरकाम डॉ मयूर सोनी नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील अहिरवार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित इत्यादि वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहकर निशुल्क चिकित्सा प्रदान करेंगे इसमें आने वाले मरीजों को सुबह 9:00 बजे तक पंजीयन करना आवश्यक है उक्त बाल स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने जनजाति कल्याण केंद्र के अध्यक्ष मनोहर लाल साहू व्यवस्थापक जाम सिंह ने अपील की है।

## कलेक्टर नेहा मारव्या का औचक निरीक्षण: अव्यवस्थाओं पर जताई सख़्त नाराज़गी, छात्रावास अधीक्षक निलंबित, समूह हटाने के निर्देश

डिंडौरी ।

कलेक्टर ने मंगलवार को मेंहदवानी विकासखंड के विभिन्न छात्रावासों और विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर लापरवाही सामने आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास में मिली अनियमितता, अधीक्षक निलंबित

कलेक्टर ने बहादुर स्थित शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण किया, जहां मीनू के अनुरूप भोजन नहीं मिलने, स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर अधूरे होने और व्यवस्थाओं की सही जानकारी न देने पर अधीक्षक धनसिंह मरकाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश जारी किए।अंग्रेजी माध्यम बॉयस आश्रम शाला में गुणवत्ताहीन भोजन, समूह को हटाने के निर्देशबॉयस आश्रम शाला (अंग्रेजी माध्यम) में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिली। उन्होंने मध्यान्ह भोजन संचालन कर रहे समूह को हटाने और नए समूह के चयन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए।



**उत्कृष्ट सीनियर कन्या छात्रावास में मिली संतोषजनक व्यवस्थाएं, नियमित निगरानी के निर्देश**

कलेक्टर ने उत्कृष्ट आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास का भी निरीक्षण किया। यहां पेयजल, भोजन, अध्ययन कक्ष, सुरक्षा एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाएं तुलनात्मक रूप से संतोषजनक पाई गईं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि छात्रावास की समस्त गतिविधियों का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए और छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**- निरीक्षण में प्राथमिकता**

गुणवत्तापूर्ण भोजन, सुरक्षित आवास और पारदर्शिता कलेक्टर मारव्या ने साफ शब्दों में कहा कि छात्रों के भविष्य और स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को चेताया कि भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

डिंडौरी ।

फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए डिंडौरी जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुनील शुक्ला ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।प्रशासन का कहना है कि नरवाई जलाने से न केवल आग फैलने और जनधन की हानि का खतरा रहता है, बल्कि इससे पर्यावरण प्रदूषण भी होता है और मिट्टी की उर्वरा शक्ति में गिरावट आती है। इसके अलावा, खेतों में पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीव भी नष्ट हो जाते हैं और वायुमंडल में हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है।

**- जिला प्रशासन ने जारी किया निर्देश**

**अब प्रत्येक कंबाइंड हार्वेस्टर में स्ट्रा रीपर या स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा।**

**बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर का उपयोग करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।**

**खेत में नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति पूर्ति के रूप में जुर्माना लगाया जाएगा:**

2 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 2500 प्रति घटना।

2 से 5 एकड़ वाले कृषकों पर 5000 प्रति घटना।

- 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों पर 15000 प्रति घटना।

प्रशासन ने किसानों को नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, बेलर, रैकर और चॉपर मशीनों के उपयोग की सलाह दी है। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी बल्कि खेत की उपजाऊ शक्ति भी बनी रहेगी।इस आदेश की निगरानी कृषि, राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से करेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह निर्देश भी दिए गए हैं कि इस आदेश की जानकारी मुनादी, सूचना पटल तथा सभी सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा कर आम जनता तक पहुंचाई जाए।

## जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान को मिल रहा जनसमर्थन

न्यूज।



जल संरक्षण को लेकर जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति के सदस्यों और मेंटर्स द्वारा जिले में एक प्रेरणादायक पहल चलाई जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत डिंडोरी जिले के गांव-गांव जाकर जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। इस अभियान के तहत कुएं, तालाब, हैंडपंप और अन्य जल स्त्रोतों की सफाई कर उन्हें पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। इस नेक कार्य में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी वर्गों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी क्रम में आज जिले विभिन्न ग्रामों में जल स्त्रोतों की सफ़ाई, शपथ, रैली आदि के माध्यम से लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई गई। जन अभियान परिषद टीम के कार्यकर्ताओं ने बताया कि जल संकट की गंभीरता को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखना है। ग्रामीण इस अभियान में उत्साहपूर्वक शामिल होते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## लंबित मांगों को लेकर 22 अप्रैल से संविदा स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी करेंगे हडताल

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के समस्त संविदा स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी द्वारा 22 अप्रैल से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का मन बना लिया गया है। इस संदर्भ में 17 अप्रैल को ज़िला अनूपपुर संविदा संघ के अध्यक्ष डॉ शिवेन्द्र कुमार द्विवेदी द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस सी रॉय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक महापंचायत बुलाकर मध्यप्रदेश एनएचएम के स्वास्थ्य कर्मचारियों को सामान्य प्रशासन द्वारा एक नीति बनाकर नियमित कर्मचारियों की तरफ सभी लाभ देने की घोषणा की गई थी। जैसे- अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन, समस्त अवकाश, डीए, हर साल अनुबंध को समाप्त करना, अप्रेजल प्रथा को खत्म किया जायेगा आदि अनेक घोषणा किया गया था, लेकिन मध्यप्रदेश एनएचएम द्वारा 1 अप्रैल की एक नई नीति बना कर इन सभी सुविधाएं व लाभ से स्वास्थ्य कर्मचारियों को वंचित किया गया हैं। 16 अप्रैल को सामुहिक अवकाश के बाद प्रदेश के 32000 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों अपने हक़ व अधिकार की लड़ाई के लिए 22 अप्रैल से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का फैसला कर लिया है। ज्ञापन के माध्यम से शासन व प्रशासन को अवगत करा दिया गया। जब तक हमारी मांगो को पूरा नही किया जायेगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान भाई लाल पटेल, सोहराब अंसारी, देवेंद्र जायसवाल, सरिता तिवारी, डॉ संदीप पांडेय, वैशाली गेंदा, अनिल नापित, विपिन प्रसाद, डॉ एस एन पिटानिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## 30 अप्रैल को होगा भव्य उपनयन संस्कार एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम

### ब्राह्मण समाज सेवा समिति करेगा आयोजन

**अनूपपुर।** ब्राह्मण समाज सेवा समिति, अनूपपुर के तत्वाधान में इस वर्ष 30 अप्रैल (बुधवार) को भव्य उपनयन संस्कार संस्कार एवं भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस पवित्र आयोजन की तैयारियाँ जिले के सभी तहसील एवं जनपद मुख्यालयों पर लगातार बैठकों के माध्यम से की जा रही हैं। समिति द्वारा अब तक 45 बटुकों का उपनयन संस्कार हेतु पंजीयन किया जा चुका है, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। आयोजन की जानकारी जिलेभर में अखबारों, सोशल मीडिया, फोन कॉल एवं व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से दी जा रही है। कार्यक्रम स्थल आशीर्वाद मैरिज गार्डन, अमरकंटक तिराहा अनूपपुर मे उपनयन संस्कार का शुभारंभ प्रातः 8 बजे से वैदिक पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा। समिति द्वारा बटुकों एवं उनके साथ आए हुए अभिभावकों के रुकने और भोजन की व्यवस्था की जा चुकी है, जिससे श्रद्धालुजन किसी प्रकार की असुविधा महसूस न करें।

**परशुराम जन्मोत्सव एवं नगर भ्रमण**

संध्याकाल में भगवान परशुराम जी की चलित झांकी आशीर्वाद गार्डन से प्रारंभ होकर इंदिरा तिराहा तक नगर भ्रमण करेगी। झांकी में बाजे-गाजे, भजन-मंडली, पारंपरिक वेशभूषा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजन की शोभा बढ़ाएँगी। नगर भ्रमण के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच पर वशिष्ठ अतिथियों का स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अंत में प्रसाद (भोजन) वितरण किया जाएगा।

## अपराध नियंत्रण करने पुलिस ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपराधों में नियंत्रण रखने के उद्देश्य एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया गत रात्रि दलबल को साथ लेकर देर रात क्षेत्र में पैदल मार्च कर क्षेत्र का जायजा लिया। भम्रण के दौरान पुलिस बल ने क्षेत्र में बाजार एवं बस्ती में पैदल भ्रमण करते हुए संदिग्धों से पूछताछ की एवं आम लोगों को किसी भी आपत्तिजनक स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की समझाइस दी। जानकारी देते हुए स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि थाने के स्टाफ को साथ लेकर नाइट पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों से संवाद करते हुए उन्हें किसी भी आपत्तिजनक स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए समझाइए दी गई साथ ही संदिग्ध अवस्था में यहां वहां घूमते पाए गए आवारा तत्वों से पूछताछ करते हुए उनकी तलाशी भी ली गई। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने एवं आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



क्षेत्र के नामी गुंडे बदमाशों को यह भी हिदायत दी जा रही है कि यदि उनके द्वारा किसी अपराध को घटित करने की मंशा रखी गई या फिर प्रयास किया गया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सीएम राइज स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**तेंदूखेड़ा ।** समीपी ग्राम डोभी में सीएम राइज विद्यालय में नवीन विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 में विद्यालय में कुल 57 पद छात्र छात्राओं के लिए रिक्त हैं। जिसमें कक्षा पहली में 10 कक्षा छठवीं में 20 कक्षा 9वी में 20 तथा कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय में 7 विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे। जिसमें शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत इच्छुक विद्यार्थियों को प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाना है। इसी क्रम में शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत इच्छुक विद्यार्थियों से सहमति प्राप्त की जाना है। 21 अप्रैल 2025 तक विद्यालय में उपस्थित होकर अपनी सहमति प्रदान करें। ऋतिकाओं से अधिक आवेदन सहमति प्राप्त होने पर दिनांक 22 अप्रेल को लकी ड्रा के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करते हुए अंतिम चयन सूची जारी की जाएगी। सभी चयनित आवेदनकर्ता 25 अप्रैल तक सभी अनिवार्य दस्तावेज जमा करेंगे। निर्धारित तिथि 25 अप्रैल 2025 तक दस्तावेज जमा न होने पर किसी भी आवेदन सहमति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### कर्मचारियों द्वारा अभद्रता, दी शिकायत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस पीड़ति महिला द्वारा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के नाम आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन मे बताया गया कि बीते 24 नवंबर मे महिला को प्रसूति के लिए भर्ती कराया गया थे। भर्ती के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा अभद्रता की गई आवेदन मे बताया गया कि कर्मचारियों द्वारा महिला के साथ स्वास्थ्य केन्द्र से भगाने व गाली गलौज की गई। जिसकी शिकायत पुलिस से भी की जा चुकी जिसपर कार्रवाई ना होने पर पुनः शिकायत की गई।

### राशन प्राप्त करने हेतु ई-केवायसी 25 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले ऐसे समस्त हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई- केवायसी 25 अप्रैल तक करना आवश्यक है। जिन हितग्राहियों व उनके परिजनों की 25 अप्रैल तक ई- केवायसी नहीं होगी, उन्हें माह मई 2025 से खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर सकते हैं। जिन सदस्यों हितग्राहियों, 5 वर्ष तक के छोटे बच्चों और बुजुर्ग का बायोमेट्रिक सत्यापनध्ई- केवायसी पीओएस मशीन से नहीं हो पा रहा है, वे अपने एंड्राइड मोबाइल के मेरा केवायसी एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर ई-केवायसी कर सकते हैं। ई-केवायसी करते समय उसी मोबाइल का उपयोग करें, जो आधार कार्ड में रजिस्टर्ड है। अतः समस्त हितग्राही सुगमता से राशन प्राप्त करने के लिए 25 अप्रैल तक ई- केवायसी निर्धारित समय में शासकीय उचित मूल्य दुकान पर पीओएस मशीन या एंड्राइड मोबाइल के माध्यम से मेरा ईकेवायसी के माध्यम से करना सुनिश्चित करें।

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

# जिले में नलकूप खनन पर रोक

#### जिला दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला दंडाधिकारी द्वारा जिले में पेयजल एवं अन्य निस्तार समस्याओं को देखते हुए जनता को पेयजल प्रदाय बनाये रखने एवं बढ़ाने के लिए पेयजल का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए तथा जनता की आवश्यकता की पूर्ति के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 एवं संशोधन अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत जनहित में जिले की समस्त विकासखंडों के ग्रामीण और नगरीय शहरी क्षेत्रों को तत्काल प्रभाव से जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है, जो 30 जून 2025 तक की अवधि के लिए लागू होगा। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों के तहत एक पक्षीय तौर पर पारित किया गया है।

#### नलकूप खनन पर लगाई रोक

जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के जल अभावग्रस्त क्षेत्र में किसी भी शासकीय भूमि पर स्थित जल स्त्रोतों में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी भी प्रयोजनों के लिये नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का जल दोहन किन्ही भी साधनों द्वारा जल का उपयोग नही करेगा। जिले की समस्त विकासखण्डों एवं नगरीय क्षेत्रों की समस्त नदियों, नालों, स्टापडैम, सार्वजनिक कुओं तथा अन्य जल स्त्रोतों का उपयोग एवं घरेलू प्रयोजन हेतु तत्काल प्रभाव से सुरक्षित किया गया है। जिले के जल अभावग्रस्त क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोजन के लिये नवीन नलकूप का निर्माण नहीं करेगा। यह आदेश शासकीय नलकूप खनन पर लागू नही होगा।

#### असफल नलकूप को करना होगा बंद

जारी आदेश में कहा गया है कि जिन व्यक्तियों को अपनी निजी भूमि पर नलकूप खनन कार्य कराना है, उन्हें ऐसा करने के लिये



निर्धारित प्रारूप में निर्धारित शुल्क के साथ संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को आवेदन करना होगा। इस कार्य के लिए जिले के जल अभावग्रस्त क्षेत्र के समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सक्षम अधिकारी प्राधिकृत किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी अनुमति देने के पूर्व आवश्यक जांच एवं परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर लेवें तथा अनुमति दिये जाने के संबंध में संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अभिमत अनुशंसा प्राप्त करेंगे। खनित नलकूप असफल होने पर नलकपों में से केसिंग नहीं निकाली जायेगी। नलकूप में केप लगाकर चारों ओर आधा मीटर के साईज का सीमेंट कांकीट ब्लॉक बनाना अनिवार्य होगा।

#### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत सूख जाने के कारण वैकल्पिक रूप से दूसरा कोई सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने पर जनहित में संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी उस क्षेत्र के निजी पेयजल स्त्रोत को पेयजल परिरक्षण संशोधित अधिनियम 2002 के प्रावधानों और उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-9 (मध्यप्रदेश पेयजल परिक्षण (संशोधन) अधिनियम 2022 के द्वारा संशोधित) एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। जारी आदेश का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, सभी थाना प्राभारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समस्त फील्ड स्तर के अधिकारी- कर्मचारी, सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों द्वारा सुनिश्चित किया जावेगा।

#### पेयजल संकट होने की संभावना

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रीष्म ऋतु में नरसिंहपुर जिले के औसत भू-जल स्तर में गिरावट हुई है। सिंचाई इत्यादि कार्यों में भू-गर्भीय जल का अत्यधिक दोहन होने के कारण पेयजल स्त्रोतों के जलस्तर में कमी आयी है। इस कारण जिले के समस्त विकासखण्ड एवं नगरीय शहरी क्षेत्रों के नलकूपों एवं अन्य जल स्त्रोतों के जल स्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे जिले में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना है। पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुये उनके द्वारा अनुशंसा की गई है कि निजी नलकूप खनन में पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जावे, जिससे सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों की क्षमता प्रभावित न हो। जनहित में पेयजल एवं अन्य निस्तार समस्याओं को देखते हुये जनता को पेयजल प्रदाय बनाये रखने एवं बढ़ाने के लिये, पेयजल का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिये तथा जनता की आवश्यकता की पूर्ति के लिये सम्पूर्ण जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जावे। इस पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने उक्त आदेश जारी किया है।

## किसानों को आधुनिक तकनीकों के लिए किया जाए प्रोत्साहित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर ने जिले की करेली विकासखंड के ग्राम सासबहू में सुपर सीडर से मूंग की बोनी का अवलोकन किया। उन्होंने यहां कृषक शोभाराम साहू, छोटेलाल साहू, बाबूलाल और प्रेमनारायण के खेतों में जाकर भ्रमण किया। इस दौरान चना और गेहूं की फसल कटाई के बाद बिना जुताई के मूंग की बोनी का अवलोकन किया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने किसानों को नरवाई पराली जलाने के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि खेतों में आग लगाने से भूमि में मौजूद सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, मिट्टी की भौतिक संरचना खराब हो जाती है और पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कलेक्टर ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे राज्य शासन द्वारा जारी आदेश का पालन करें। आदेश के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने जिले के किसानों को सुपर सीडर जैसी आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ- साथ लागत को कम करने और उत्पादकता बढ़ाने में सहायक हैं। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी, अन्य अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद थे। कलेक्टर के इस भ्रमण से किसानों को नई तकनीकों को अपनाने और पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिली है।



## राकिम महासंघ ने पत्रकार पर हमले का किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले संघ के पदाधिकारियों व किसानों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया गया कि आमगांव मे पत्रकार ब्रजेश दीक्षित पर ग्राम के अवैध कारोबारियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया जिससे उनकी नाक तथा पसली मे फैक्चर आया है। हमारा संगठन उक्त घटना की कठोर निंदा करता है तथा समाज के जागरूक प्रहरी पत्रकारों पर इस प्रकार के हमला होना चिंता का विषय है जो समाज के लिए हानिकारक है। पत्रकार पर एक दिन मे दोबार हमला किया गया। जो अवैध कारोबारियों के हौसलों बुलंद होनो दर्शाता है। वही उक्त घटना से पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठता नजर आ रहा है पुलिस को चाहिए की दोषियों पर ठोस कार्रवाई की जावे जिससे ऐसी घटना की पुर्नवृत्ति ना हो। उक्त मौके पर ऋषिराज पटेल, कमल सिंह पटेल, मोहन लाल, रविन्द्र सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या मे राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिविका का सुयश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस चावरा विद्यापीठ द्वारा कक्षा चैथी द्वितीय रैंक हासिल की परिजनों व विद्यालय परिवार द्वारा छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की।

## 21 व 23 को लगाये जायेंगे नसबंदी शिविर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आवश्यकता पूर्ति के लिए जिला चिकित्सालय में महिला एवं पुरूष नसबंदी- एनएसव्हीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत 23 अप्रैल 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा में और विकासखंड करेली के अंतर्गत 21 अप्रैल 2025 को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में विकासखण्ड करेली के हितग्राहियों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहपुर के हितग्राहियों का जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में व विकासखंड नरसिंहपुर के हितग्राहियों का महिला एवं पुरूष नसबंदी- एनएसव्हीटीध एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। डॉ. इति चांदोलकर एवं सहायक सर्जन डॉ. शिप्रा कौरव द्वारा फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करेली में नसबंदी ऑपरेशन निर्धारित कैम्प कैलेंडर के अनुसार किये जायेंगे। फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल पर नियमानुसार मानकों के आधार पर सेवा दी जावें। फिक्स- डे स्टेटिक सेवा स्थल का ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार- प्रसार करने, आवश्यकता की पूर्ति करने और प्रतिदिन रिपोर्ट नियमित रूप से भेजने के लिए गया है।

### रंगोली के माध्यम से ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में जहां नागरिक अपनी- अपनी भूमिका निभा रहे हैं, तो वहीं महिलायें भी अभियान में अपनी भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण अंचलों में दीवार लेखन व रंगोली के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में नवांकुर संस्था बम्होरी- तिंदनी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कन्हारपानी और मुरली पौंड़ी में जल संरक्षण व संवर्धन और जल की महत्ता के लिए ग्रामीणों व अन्य लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर दीवार लेखन और घरों व अन्य स्थानों में रंगोली बनाकर संदेश दिया जा रहा है। इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थसानीय जन शिक्षा केन्द्र बरहटा में प्राचार्य एस. के. बक्शी के निर्देशन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एीएसी श्री बुनकर एवं जनशिक्षक दीपक कुमार दुबे, संकुल सह समन्वयक कोमल गिर गोस्वामी द्वारा साक्षरता से संबंधित निम्न निर्देश दिए गए। बैठक मे बताया गया कि वर्ष 2025 मे दिये गए सर्वे को 20 अप्रैरल तक पूर्ण करना होगा। सर्वे कार्य 5 कौशलों के आधार पर करना। सर्वे कार्य पश्चात असाक्षरों का निल एप्प पर पंजीयन करना। फोटोयुक्त साक्षरता पंजी का संधारण करना सहित ऐसे कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

## आंगनबाड़ी में आयोजित हुआ पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक जिले में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देशन में रानी अवंती बाई वार्ड नरसिंहपुर और सिंहपुरबड़ा के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण आहार की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि पोषण आहार से बच्चों को कुपोषण से दूर किया जा सकता है। हम सभी को अपने दिनचर्या आहार में पोषण आहार को भी शामिल करना चाहिये। इस अवसर पर श्रीमती निशा सोनी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती पुष्पा मदकोरिया, पर्यवेक्षक श्रीमती नीरजा वर्मा, आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्यकर्तायें, सहायिकायें, किशोरी बालिकायें और महिलायें मौजूद थी।

## वन्य प्राणियों को पानी की हो उपलब्धता

**तेंदूखेड़ा ।** घटते जंगलों में वन्य प्राणियों रहने के साथ खाने और पीने के पानी की व्यवस्था एवं उनकी सुरक्षा महत्वपूर्ण पहलू है।भीषण गर्मी के दौरान जहां घरेरु हेंडपंपों का जमीनी जल स्तर काफी नीचे जा पहुंचा है। वहीं जंगली क्षेत्रों में नदी नाले भी लगभग सूख चुके हैं।ऐसी स्थिति में जंगली वन्य जीव पानी को लेकर यहां वहां भागते नजर आते हैं जिसका फायदा शिकारी उठाकर वन्यजीवों को परेशान किया करते हैं।या फिर मुख्य सड़क मार्गों तरफ भागते वन्य प्राणी वाहनों से टकराकर असमय काल के गाल में समा जाते हैं।

ऐसी स्थिति में जंगली क्षेत्रों में तलहटी झिरनो नदी नालों की साफ सफाई करवाकर उनमें पानी की व्यवस्था करने की महती आवश्यकता है। वहीं इन जलस्त्रोतों के समीप सुरक्षा चौकसी की पैनी नजर रखने की आवश्यकता है।अधिकांश प्राणी रात्रि या दोपहर के समय छांव और पानी की तलाश में जल स्त्रोतों की तरफ भागते हैं। जंगलों में पानी की उपलब्धता ना होने की स्थिति में टांके बनवाकर उनमें पानी भरने की व्यवस्था पूर्व में होती रही है। प्राणियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष भी यह व्यवस्था जरुरी है।

### इनका कहना है

जंगली क्षेत्रों में प्रतिवर्ष वन्यजीवों को पानी की व्यवस्था को लेकर पहाड़ी की तलहटी झरनों नालों पानी वाले क्षेत्रों की साफ सफाई करवाकर उनका गहरी करण करवाया जाता है। चूंकि इस वर्ष बजट आवंटित ना होने की स्थिति में अभी तक यह व्यवस्था शुरू नहीं हुई है बजट उपलब्ध होते ही पानी की व्यवस्था के लिए काम कराये जायेंगे।

**प्रभात पटेल**
**डिप्टी रेंजर तेंदूखेड़ा**